**Regarding issues pertaining to widening of National Highway**

श्री किशोरी लाल **(**अमेठी**) :** सभापति महोदया, मैं अपनी कांस्टिट्यूएंसी के एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

महोदया, हमारे यहां तीन जिलों को जोड़ने वाली सड़क एनएच-128 है । यह सड़क रायबरेली, अमेठी और सुल्तानपुर, इन तीन जिलों के हैडक्वॉर्टर को जोड़ती है। यह सड़क जब से बनी है, तब से यह टू-लेन है।

आपके माध्यम से हमारी सरकार से मांग है कि इस सड़क को फोर-लेन किया जाए। इसके ऊपर दो महत्वपूर्ण इंडस्ट्रियल एरियाज़ और काफी सारे एजुकेशनल इंस्टिट्यूट्स हैं। यहां हमेशा जाम लगा रहा है।

अत: मेरी दरख्वास्त है कि इस सड़क को फोर-लेन किया जाए।

धन्यवाद।